# भजन

फरामोशी में पिया ने रूहों के दिल जगाए हैं
जो न जाने थे जागे में भेद अपने बताए हैं

1- पिया की वाहेदत में थे मगर वाहेदत न जाने थे
इलम वाहेदत को देकर के इलम के गुण बताए हैं

2- पिया के दिल के अंगो की,
जो लीला दिल में रहती थी
पिया ने देकर दिल अपना दिल के अंग बताए हैं

3-हुकम अपने की हिकमत से खेल ऐसा दिखाया है
बिठा कर चरणों में अपने रुहों के दिल जगाए हैं

4- जो देखो खेल को,खेल से, तो कैसे देखोगे
पिया के चरनों में देखो लाड दिल के लडाए हैं

5- जहां हैं तन वहीं निसवत पिया तुमने बताई है
अर्श दिल अपनी रूहों के पिया तुमने बताए हैं